नमामि गंगे

कार्यालय, कार्यक्रम निदेशक
राज्य परियोजना प्रबन्धन ग्रुप
नमामि गंगे
देहरादून, उत्तराखण्ड

पत्रांकः 006 /SPMG/Namami Gange/ IEC दिनांकः 09/12/2021

गंगा की पवित्रता हम सबका उत्तरदायित्व
गंगा संरक्षण– जल संरक्षण– जीवन संरक्षण

सेवा में,
कुलपति महोदया,
दून विश्वविद्यालय,
देहरादून।

विषयः– नमामि गंगे कार्यक्रम के अन्तर्गत आई.ई.सी. गतिविधियों के आयोजन हेतु धनराशि हस्तान्तरण के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक अवगत कराना है कि, राष्ट्रीय नदी गंगा एवं इसकी सहायक नदियों की स्वच्छता एवं संरक्षण के प्रति जनमानस में जागरूकता/संवेदीकरण के दृष्टिगत नमामि गंगे कार्यक्रम के अन्तर्गत राज्य परियोजना प्रबन्धन ग्रुप (एस.पी.एम.जी.) नमामि गंगे, उत्तराखण्ड कार्यालय में सूचीबद्ध दून विश्वविद्यालय को सूचना, शिक्षा एवं संचार (आई.ई.सी.) गतिविधियों के आयोजन हेतु रु0 5.00 लाख की धनराशि स्वीकृत की जाती है। जिसमें से 80 प्रतिशत धनराशि रू0 4.00 लाख अग्रिम के रूप में हस्तान्तरित की जा रही है।

एस.पी.एम.जी. कार्यालय द्वारा विश्वविद्यालय को हस्तान्तरित की जा रही धनराशि के सापेक्ष गंगा एवं इसकी सहायक नदियों की स्वच्छता एवं संरक्षण के प्रति जनमानस में जागरूकता/संवेदीकरण संबंधी सूचना, शिक्षा एवं संचार (आई.ई.सी.) गतिविधियों का आयोजन करने का कष्ट करें। कार्यक्रम आयोजनोपरान्त गतिविधियों की विस्तृत आख्या वीडियोग्राफ/फोटोग्राफ सहित **(साफ्ट एवं हार्ड कॉपी के रूप में)** एवं अग्रिम रूप से हस्तान्तरित धनराशि का उपयोगिता प्रमाण पत्र एस.पी.एम.जी. कार्यालय को उपलब्ध कराने के पश्चात् शेष 20 प्रतिशत धनराशि रू0 1.00 लाख का भुगतान किया जायेगा।

(दिनेश चन्द्र लोहनी)
वित्त निदेशक

प्रतिलिपिः–

1. निजी सचिव, माननीय मंत्री, उच्च शिक्षा, उत्तराखण्ड सरकार को माननीय मंत्री महोदय जी के संज्ञानार्थ लाने के आशय से प्रेषित।
2. निदेशक, उच्च शिक्षा, उत्तराखण्ड को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
3. कार्यक्रम निदेशक, राज्य परियोजना प्रबन्धन ग्रुप, नमामि गंगे उत्तराखण्ड को सूचनार्थ हेतु प्रेषित।
4. वरिष्ठ संचार प्रबन्धक, राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन, नई दिल्ली को सूचनार्थ हेतु प्रेषित।
5. संचार विशेषज्ञ, राज्य परियोजना प्रबन्धन ग्रुप, नमामि गंगे उत्तराखण्ड को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
6. नामित नोडल अधिकारी नमामि गंगे, दून विश्वविद्यालय, देहरादून को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

वित्त निदेशक

पताः 117, इन्दिरा नगर, देहरादून
कार्यालयः 0135–2769932/2763436: फैक्स नं0 0135–2763434
ई–मेलः spmgngrba.utk01@gmail.com

REDMI NOTE 8 PRO
AI QUAD CAMERA